Class 4th Vyakaran Ch 5 Ques.Ans

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए_

**क) संज्ञा की परिभाषा लिखिए तथा उदाहरण दीजिए ।**
**उत्तर- किसी व्यक्ति ,वस्तु ,स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।**
**जैसे- राम,दिल्ली,मेज,गर्मी आदि ।**

**ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।**
**उत्तर- किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं ।जैसे- भारत ,यमुना,**
**ताजमहल ,जनवरी आदि ।**

**ग) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।**
**उत्तर- जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं , वे जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं । जैसे नदी ,खिलौना, अध्यापक, खिलाड़ी आदि।**

**घ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए ।**
**उत्तर- जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के गुण, दोष या अवस्था आदि का बोध कराते हैं, वे भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं ।जैसे- मीठा ,मित्रता ,बचपन आदि ।**